सुनले माता बाला सुंदरी

सुनले माता बाला सुंदरी तेरी ज्योत जगाई री,
तेरे बिना मेरी कौन सुने माँ आके करो सुनाई री,
सुनले माता बाला सुंदरी,

तेरे चरणों की शोभा न्यारी दुनिया करे प्रचार तेरा,
खाली न कोई दर ते जावे खुला माँ दरबार तेरा,
ना कोई मेरी सुनता दाती तेरी आस लगाई री,
सुनले माता बाला सुंदरी तेरी ज्योत जगाई री,

श्याम सवेरे भजन करू माँ कद आओ गी घर मेरे,
कुछ न चाहु मैया मैं तो चाहु बस दर्शन तेरे,
मैं तो बालक नादान तेरी देवो ने महिमा गाई री,
सुनले माता बाला सुंदरी तेरी ज्योत जगाई री,

दासी के सभी मैया जी तने सच्चे दिल से ध्यावे री,
जय भगवन माँ बाला सुंदरी तेरे भजन बनावे री,
भेटा तेरी दिल से गावे इब ते दर्श दिखा जी,
सुनले माता बाला सुंदरी तेरी ज्योत जगाई री,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7390/title/sunle-maata-bala-sunderi-teri-jyot-jagaai-ri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |